हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 जुलाई 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 वन विभाग के सहयोग से न्यायाधीशों ने किया...




07 गौशाला निर्माण में करोड़ों खर्च, इधर हाइवे पर पशु आए...



## खबर संक्षेप में

### केंद्रीय राज्यमंत्री मल्होत्रा का भ्रमण कार्यक्रम

**नलखेड़ा।** केन्द्रीय राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कार्पोरेट मंत्रालय, भारत सरकार हर्ष मल्होत्रा 6 जुलाई को आगर-मालवा जिले के भ्रमण पर रहेंगे। कार्यक्रम अनुसार राज्यमंत्री मल्होत्रा 6 जुलाई को अपरान्ह 3:30 बजे मां बगुलामुखी मंदिर आएंगे तथा सायं 5 बजे नलखेड़ा से इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 7 जुलाई को

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 7 जुलाई को होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) की एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी गई है। सीटेट परीक्षा 136 शहरों में 20 भाषाओं में होगी। सीटेट एडमिट कार्ड के साथ सीटेट की परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को वैध पहचान पत्र भी ले जाना होगा। अधिक जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### हितग्राहियों के ईकेवाईसी सत्यापन 15 तक

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन किया जाना है। जिसके तहत जिले में शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी किया जा रहा है। हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिलेवार 15 जुलाई तक पूरा करना होगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांग जन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएं पोर्टल के माध्यम से की जाती है। इन योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल महीने से लगातार किया जा रहा है।

### बीज विक्रय के लिए लाइसेंस जरूरी

**सीहोर।** निजी बीज विक्रेता, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना नहीं कर सकेंगे। उक्त बीजों के व्यापार के लिए विक्रेता को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### नर्सिंग फर्स्ट ईयर की परीक्षा 6 अगस्त से

**सीहोर।** मप्र आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर, पीबी बीएससी फ़र्स्ट ईयर और एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया है। इसमें पीबी बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 6 अगस्त से शुरू होकर 2 सितंबर तक चलेंगे। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 8 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे वहीं, एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 13 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे।

### शासन का आदेश हुआ हवा-हवाई, कई कार्यालयों में कक्षों के ताले तक नहीं खुले

# शासन के निर्देशों के बावजूद निर्धारित समय पर कार्यालयों में नहीं पहुंच रहे हैं कर्मचारी








हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन द्वारा समस्त शासकीय कार्यालयों का समय सुबह 10 से सायं 6 बजे तक का किया गया है। लेकिन तहसील मुख्यालय पर लगभग सभी कार्यालयों में अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी तय समय 10 बजे नहीं पहुंच रहे हैं। यहां तक की कई कार्यालयों में कक्षों के ताले भी नहीं खुल रहे हैं। ऐसा लगता है सरकार कोई भी आदेश निकाल दे अधिकारी-कर्मचारी अपने हिसाब से ही कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिससे शासन के आदेश हवा हवाई होते दिखाई दे रहे हैं।



सरकार द्वारा समस्त शासकीय विभागों के कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को सुबह 10 से सायं 6 बजे तक उपस्थित रहकर कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं।

बुधवार को पत्रकारों के एक दल द्वारा तहसील मुख्यालय पर स्थित शासकीय विभागों के कार्यालयों में से कुछ विभाग के कार्यालयों पर सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक उपस्थित रहकर उक्त आदेश के परिपालन में उपस्थिति देखी गई तो अधिकांश कार्यालयों में चपरासी या एक दो कर्मचारी ही समय पर उपस्थित पाए गए। जनपद पंचायत कार्यालय में दो चपरासी व एक बाबू, नगर परिषद कार्यालय में पांच-छह दैनिक वेतनभोगी व चपरासी, महिला बाल विकास विभाग में कोई भी उपस्थित नहीं एवं तहसील कार्यालय में एक दो कर्मचारी ही इस दौरान उपस्थित दिखाई दिए। पत्रकारों के दल के आने की सूचना मिलने पर कुछ कार्यालयों में 10.30 बजे के बाद कुछ कर्मचारी हड़बड़ाहट में आते दिखाई दिए। आश्चर्यजनक बात यह रही कि किसी भी विभाग के कार्यालय पर शासन द्वारा तय समय पर कार्यालय प्रमुख उपस्थित नहीं हुए।

गौरतलब है कि शासन द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं कि यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी 10 बजे बाद उपस्थित होते हैं तो उनकी आधे दिन की अनुपस्थिति लगाई जाए। अब सवाल यह उठता है कि जब संबंधित विभाग के मुखिया ही समय पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं तो देर से आने वाले कर्मचारियों की अनुपस्थिति कौन लगाएगा ?

**इनका कहना है...**

शासन के आदेश के बाद सभी शासकीय कार्यालय प्रमुखों को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक अपने-अपने कार्यालय पर उपस्थित रहने संबंधित निर्देश दिए जा चुके है। बावजूद इसके यदि संबंधित कार्यालय के अधिकारी - कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते है तो जांच कर उनके खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

**मिलिंद ढ़ोके,** एसडीएम सुसनेर-नलखेड़ा

# मंदिर पर अमर्यादित वस्त्र पहनकर आने वालों का प्रवेश प्रतिबंधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की तरह नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर अमर्यादित वस्त्र पहनकर आने वाले दर्शनार्थियों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बैनर लगाकर सभी दर्शनार्थियों से अनुरोध किया है कि मंदिर परिसर में मर्यादित वस्त्र पहनकर ही आएं। अमर्यादित छोटे वस्त्र जैसे हाफ पेंट, बरमुंडा, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, कटी फटी जींस आदि पहनकर आने पर बाहर से ही दर्शन कर सहयोग प्रदान करें। प्रबंध समिति द्वारा 'हम ही हमारी संस्कृति के रक्षक हैं' की टैग लाइन के साथ दर्शनार्थियों से मर्यादित वस्त्र पहनकर ही दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश की अपील की है।

गौरतलब है कि देश के कई प्रसिद्ध मंदिरों में इस प्रकार के अमर्यादित वस्त्र पहनने वालों का मंदिर प्रवेश वर्जित किया हुआ है। इसी के चलते गत दिनों मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा प्रबंध समिति को ज्ञापन सौंपकर मंदिर में अमर्यादित वस्त्र पहनकर आने वालों को प्रतिबंधित किए जाने की मांग की गई थी।

# विद्यार्थियों को दी भारतीय न्याय संहिता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

01 जुलाई से लागू हुई नई भारतीय न्याय संहिता की जानकारी नगर के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर थाना प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को दी गई। बुधवार को थाना प्रभारी शशि उपाध्याय द्वारा नगर के आस्था स्कूल, कक्का स्कूल मे पहुंचकर 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को गत 01 जुलाई से पुरानी दंड संहिता के स्थान पर लागू हुई भारतीय न्याय संहिता की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान कर इसके प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान संबंधित स्कूल का स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।






# एकादशी पर किया भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित श्री दास हनुमान मंदिर पर एकादशी के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। एकादशी के अवसर पर मंगलवार रात्रि को नगर के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित श्री दास हनुमान मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या में भजन गायकों द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिन पर उपस्थित भक्त देर रात्रि तक झूमते रहे। भजन संध्या के पूर्व हनुमान जी की महाआरती की गई व महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# पुलिस ने की स्कूल वाहनों की चेकिंग

**नलखेड़ा।** नए शिक्षा सत्र के प्रारम्भ होते ही अधिकांश निजी स्कूल संचालकों द्वारा शासन के नियमों के विपरीत स्कूल वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में बुधवार को समाचार प्रकाशन के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा स्कूल वाहनों की चेकिंग कर चालान बनाये गए। बुधवार को थाना प्रभारी शशि उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस स्टॉफ द्वारा नगर के निजी स्कूलों में जाकर स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई। जो वाहन शासन के नियमों के अनुसार संचालित होते नही पाए गए उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की।






# राहुल गांधी हमेशा ऊट पटांग बयान देते हैं : नपाध्यक्ष राठौर

**सीहोर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान दिया था। इसको लेकर पूरे देश में राहुल गांधी का विरोध हो रहा है। शहर के कोतवाली चौराहे पर भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही उनका पुतला फूंककर इस मामले में माफी मांगने की मांग की है।

मंगलवार की शाम को चार बजे शहर के कोतवाली चौराहे पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही राहुल गांधी का पुतला दहन भी किया। इस दौरान वक्ताओं ने माफी मांगने के लिए कहा। बता दें कि सोमवार को राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया था। जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश है। राहुल गांधी हमेशा ऊट पटांग बयान देते हैं। वह हिंदू विरोधी हैं। उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को कई बार आहत किया है। इसलिए राहुल गांधी माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनकी सदस्यता को भी रद्द किया जाए। अगर राहुल गांधी दोबारा ऐसी गलती करते हैं, तो उनको सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए।



# पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में इंदौर में लहराया परचम

**सीहोर।** खेल जगत के क्षेत्र में सीहोर के होनहार युवा खिलाड़ियों ने प्रदेश, देश ही नहीं अपीतु विदेश में भी सीहोर का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में विगत दिनों इंदौर में आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सीहोर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनके कोच जुबेर कुरेशी ने बताया कि जिसमें सिनियर वर्ग में जितेन्द्र यादव ने 93 किग्रा वर्ग में कास्य पदक प्राप्त किया वहीं जुनियर वर्ग में ऋषभ यादव ने 83 किग्रा.वर्ग में रजत पदक, सिनियर वर्ग में जितेन्द्र महेश्वरी ने 59 किग्रा वर्ग में रजत पदक, सिनियर वर्ग में अंकित भल्लावी ने 83 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, महिला सिनियर वर्ग में शीतल कौशल ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, सब जुनियर वर्ग में वीरसिंह राजपूत ने 66 किग्रा में कास्य पदक कर सीहोर को गौरवान्ति किया। इनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, विधायक सुदेश राय, गणेश चौरसिया, निरंजन सिंह सौलंकी, रविन्द्र सिंह चौहान, विक्की मूलचंदानी, जुनेद अली, अतुल राय, यश डोबिट, अजहर बाबा, विकास परमार, समद खान सहित नगर के वरिष्ठजन खेल प्रेमियों ने खिलाडिय़ों का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



### लगातार हो रही बूंदाबांदी से न्यूनतम तापमान गिरा

# जिले में 154.1 एमएम औसत बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 8.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 4, एमएम, श्यामपुर में 30, आष्टा में 8, जावर में 5, इछावर में 3, भैरूंदा में 4, बुधनी में 5, रेहटी में 6 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से दो जुलाई को सुबह 8 बजे तक 154.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 175.9 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से दो जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 224, एमएम, श्यामपुर में 203.5, आष्टा में 114, जावर में 131, इछावर में 260, भैरूंदा में 100, बुधनी में 92 तथा रेहटी में 108.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।




### पंच-ज अभियान अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में 150 पौधों का रोपण किया



**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह कुशवाह के निर्देशन में 5 जून से 15 अगस्त 2024 तक पंच-ज अभियान अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर आगर मालवा में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर 150 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह कुशवाह, अपर जिला न्यायाधीश अमर कुमार शर्मा, अपर जिला न्यायाधीश मधुसूदन जंगेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, हेमंत मेहरा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ वरिष्ठ खंड, सुश्री चाहना शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, भूपेंद्र सिंह कुशवाहा व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, सुश्री मोनिका यादव अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सुश्री पूनम तिवारी जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्ता गण, न्यायालय कर्मचारी गण, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना को लेकर पूजे गए खेड़ा देव



**नलखेड़ा।** नगर सहित क्षेत्र में अच्छी वर्षा, अच्छी फसल व अच्छे व्यवसाय की कामना को लेकर कस्बा पटेल की अगुवाई में किसानों द्वारा खेड़ा देव पूजे गए। नगर सहित क्षेत्र में अभी तक मानसून की अच्छी वर्षा नही होने से अधिकांश क्षेत्र में खरीफ फसल की बोवनी का कार्य भी नहीं हो पाया है। नगर सहित क्षेत्र में अच्छी वर्षा न होने पर खेड़ा देव पूजन की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है, जिसमें नगर के पटेल परिवार की अगुवाई में पाटीदार समाज जनों द्वारा सभी देवी देवताओं के यहां पहुंचकर पूजन कर अच्छी वर्षा की कामना की जाती है। इस वर्ष भी अभी तक नगर सहित कई ग्रामों में अच्छी वर्षा न होने पर बुधवार को अच्छी वर्षा, अच्छी फसल व अच्छे व्यवसाय की कामना को लेकर कस्बा पटेल परिवार की अगुवाई में नगर के पाटीदार समाज के किसानों द्वारा खेड़ा देव पूजे गए। सर्वप्रथम खेड़ापति हनुमान की पूजा अर्चना की गई उसके पश्च्यात नगर में स्थित समस्त देवी - देवताओं के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान व नगरवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टर्स-डे पर डॉक्टरों का किया सम्मान



**देवास।** डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य पर अमलतास अस्पताल में सर्व सामाजिक विकास संस्था द्वारा डॉक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था के प्रांतीय सचिव हुकुम सिंह पवार, प्रदेश अध्यक्ष आलोक पायलट, प्रहलाद सिंह कुशवाहा, चंद्र सिंह गुर्जर, जितेंद्र सिंह पवार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युगल किशोर राठौड़ सहित संस्था पदाधिकारियों ने डॉक्टरों का सम्मान कर बधाई दी। साथ ही डॉक्टरों द्वारा किए जाने वाले कार्यो की सराहना की। इस दौरान बडी संख्या में संस्था सदस्य व डॉक्टर उपस्थित थे।

### मार्ग निर्माण से लोगों को होगी सुविधा

**देवास।** लोक निर्माण विभाग संभाग देवास अंतर्गत चापड़ा एन.एच. 59ए से बागली तक कुल 8.575 किलो मीटर लम्बा मार्ग बनने से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को लाभ होगा। चापड़ा एन.एच. 59ए से बागली मार्ग के निर्माण के लिए 1175.41 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई थी। जारी प्रशासकीय स्वीकृति अनुसार डामरीकरण कार्य तथा सी.सी. कार्य किया गया है। मार्ग में 7 पुल का निर्माण भी किया है। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को वर्षाकाल में यातायात में असुविधा नहीं होगी।

### वन माफियाओं के खिलाफ जारी है कार्रवाई, अपराधियों में मचा हड़कंप

# छह माह में 30 बाइक, 4 ट्रक, 2 पिकअप और 2 ट्रैक्टर किए जब्त

**वनभूमि पर अतिक्रमण करने वाले आरोपी का ट्रैक्टर व बक्खर जब्त किए, अवैध रूप से संचालित की जा रही कटर आरा मशीन एवं हजारों की चिरान लकड़ी जब्त की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





वन अपराधियों के खिलाफ विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिन वनभूमि पर अतिक्रमण करने के दौरान वन अमले ने एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्जकर उसका ट्रैक्टर व बक्खर जब्त कियें वही दूसरी कार्रवाई में एक मकान में अबैध रूप से संचालित की जा रही कटर आरा मशीन और बड़ी मात्रा में चिरान लकड़ी जब्त की है। जिसकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। पिछले एक सप्ताह में वन अमले द्वारा अतिक्रमण करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे दो ट्रैक्टर, कल्टीवेटर व बवखर जब्त किये है। यदि पिछले छः माह की बात करें तो इछावर वनपरिक्षेत्र की टीम ने वन माफियाओं से 30 बाईक सहित 6 चार पहिया वाहन व दो ट्रैक्टर, कल्टीवेटर बक्खर आदि उपकरण जब्त किए हैं।

पिछले दिनों इछावर वनपरिक्षेत्र के तहत आने वाली नादान बीट के मंडलगढ़ जंगल में आरोपी द्वारा करीब एक हैक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण कर ट्रैक्टर चलाकर खेत बनाने का प्रयास किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर रेजर नवनीत झा ने एक टीम का गठन कर मौके पर भेजा, जहां आरोपी करणसिंह पिता सीताराम वनभामि पर ट्रैक्टर से बक्खर चलाते हुए मिला। इस पर टीम ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए ट्रैक्टर व बक्खर को जब्त कर लिया। इसी दौरान टीम को गांव फांगिया में अबैध तरीके से कटर आरा मशीन संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई। वन अमले ने आरोपी भगवानदास पिता रामगोपाल के घर छापा मारकर वहां से कटर आरा मशीन और सागोन की चिरान लकड़ी बड़ी मात्रा में जब्त की। जिसकी कीमत 70 हजार रुपये बताई जा रही है।

# संस्था राम-राम से जुड़े युवक की गोली मारकर की हत्या

**शव रखकर एबी रोड पर किया चक्काजाम**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के जवाहर नगर चौराहे के समीप संस्था राम-राम से जुड़े एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने गोली मार दी,जिसके चलते कुणाल बैरागी उर्फ चीकू नामक युवक की मौत हो गई। घटना से नाराज संस्था राम-राम के सदस्यों ने आरोपियों को शीघ्र पकड़ने की मांग को लेकर एबी रोड़ पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। संस्था से जुड़े सदस्यों का कहना है कि प्रशासन शीघ्र आरोपियों को पकड़कर कर कार्रवाई करें। लगभग डेढ़ घण्टे के जाम के बाद एबी रोड पर वाहनों की कतार लग गई। फरियादी आनंद मनसारे की रिपोर्ट पर पुलिस ने अमरेश प्रसाद, भावेश झाला, शिव रघुवंशी बना उर्फ कृष्ण पाल सिंह निवासी देवास के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103, 3 (5) के तहत केस दर्ज किया है। आनंद मनसारे ने पुलिस को बताया कि मैं कॉलेज का छात्र हूं। प्रॉपर्टी का काम भी करता हूं। बुधवार सुबह दोस्त कुणाल बैरागी के भाई कपिल बैरागी से मिलने जिला जेल देवास गया था। संस्था के संस्थापक शैलेंद्र पंवार की स्कर्पियो से आकाश, पंकज, चेतन, कुणाल, शेखर, लाखन और शुभम मेरे साथ गए थे। वही से लौटते समय जवाहर नगर के समीप हम पर हमला हुआ।

### रंजिश के चलते हत्या की आशंका

पुलिस के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या की आशंका है। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। परिजन आक्रोशित थे,उन्हें समझाइश देकर अस्पताल भेजा है। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। घटना स्थल का भी मौका मुआयना किया गया हैं।

# अतिक्रमण हटाने के मामले में व्यापारियों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



चापड़ा चौराहे के चारों मार्ग पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की जा रही है, जिसको लेकर राजस्व विभाग की टीम ने चारों मार्ग पर नपती कर जगह भी चिन्हित की है। जानकारी अनुसार अनुविभागीय कार्यालय बागली के आदेश पर यह कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

इंदौर नेमावर मार्ग पर 40 व बागली हाटपिपल्या मार्ग पर 35 फिट अतिक्रमण हटाया जाना है। जिस दौरान हाटपिपलिया बागली मार्ग पर अस्थाई एवं पक्का निर्माण अतिक्रमण के दायरे में आ रहा हैं, उसे हटाया जाएगा। इसी को लेकर बुधवार के दिन बागली रोड पर ऋण मुक्तेश्वर धर्मशाला में व्यापारी एसोसिएशन की बैठक जिसमें एसोसिएशन अध्यक्ष बद्रीलाल पाटीदार सहित अन्य व्यापारी गण उपस्थित रहे। जहां पर अतिक्रमण को लेकर कई विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही सभी व्यापारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बद्रीलाल पटीदार, संतोष कुमार जैन ने बताया कि बैठक में सभी व्यापारियों ने आपसी चर्चा के दौरान विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि इंदौर नेमावर इंदौर मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने जो सीमा तय की है वहीं रहेगी। बागली हाटपिपलिया मार्ग पर 35 फीट में अधिक नुकसान होने के कारण सभी ने विचार रखे हैं कि सभी दुकानदार व अन्य सभी लोग अपनी स्वयं की इच्छा से 25 फीट के दायरे आनेवाले अतिक्रमण को हटाएंगे। चाहे वह पक्का हो या कच्चा निर्माण हो। अपने इस प्रस्ताव को लेकर गुरुवार के दिन सभी व्यापारी बागली एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम आनंद मालवीया के समकक्ष अपनी बात रखेंगे। यदि प्रशासन की ओर से सहमति दी जाती है तो दोनों मार्ग से 25 फीट के दायरे में आने वाला अतिक्रमण अपनी स्वयं की इच्छा से हटाएंगे। चौराहे पर वाहन चालक कहीं भी अपने वाहन खड़े कर देते हैं जिसके कारण कई बार जाम भी लग जाता है। साथ ही पुलिस चौकी स्थानांतरित होने के कारण भी यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

# सन फार्मा ने प्राथमिक विद्यालय ग्राम पवार्डा में कलेक्टर की उपस्थिति में फर्नीचर किए प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में चलाए जा रहे मेरी शाला संपूर्ण शाला अभियान के तहत सन फार्मा देवास द्वारा सीएसआर मद से कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में ग्राम पवार्डा में प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए 60 सेट फर्नीचर के प्रदान किये। इस दौरान डाईट प्राचार्य राजेन्द्र सक्सेना, प्राचार्य सुभाष तिवारी सहित अन्य अधिकारी, सन फार्मा देवास के अधिकारी, विद्यालय के छात्र उपस्थित थे। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में फर्नीचर एक सुविधा है। बच्चों की पढ़ाई महत्वपूर्ण है। बच्चों को घर पर होमवर्क के साथ तीन घण्टे पढ़ाई जरूर करना चाहिए। बच्चों को आधा-आधा घंटा हर विषय की पढाई करने का लक्ष्य रखना चाहिए। जिससे आगे की पढाई में आसानी रहेगी।

स्कूली बच्चों द्वारा तैयार की गई सीड बॉल की जानकारी ली। छात्राओं को गुड टच-बेड टच के संबंध में जानकारी दी। स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमारे लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने सुकन्या समृद्धि योजना के संबंध में जानकारी दी और स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया।

# अनुकंपा नियुक्ति को लेकर महापौर जनसुनवाई के दौरान निगमकर्मी ने किया आत्मदाह का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम में बुधवार को एक कर्मचारी ने महापौर जनसुनवाई में घासलेट डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कर्मचारी अरुण का कहना है कि उसे लंबे समय से अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा रही है। नियुक्ति के नाम पर निगम के अन्य कर्मचारी शाकिर द्वारा 50000 की रिश्वत मांगी जा रही है। मेरे द्वारा 4000 दे दिए गए हैं। 5 साल से मुझे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई है। मामले में निगमायुक्त रजनीश कसेरा ने अपने कार्यालय में बुलाकर उक्त व्यक्ति को पहले समझाइश दी, फिर शासकीय कार्य में बाधा डालने पर रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात कही। आत्मदाह के प्रयास मामले में पीड़ित अरुण सांगते द्वारा शाकिर नामक नगर निगम के कर्मचारी का ही नाम लिया जा रहा है। निगमायुक्त ने कर्मचारी शाकिर को भी नोटिस जारी करने की बात कही।

# शहर के वार्डों की समस्याओं को लेकर भैंस के आगे बीन बजाकर कांग्रेसी पार्षदों ने किया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के 45 वार्डो की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने नगर निगम परिसर में राहुल पंवार के नेतृत्व में अनोखा प्रदर्शन करते हुए भैंस के आगे बीन बजाकर करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया। पार्षद व नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पवार ने बताया कि देवास शहर अन्य शहरों के मुकाबले विकास में पिछडता जा रहा है, जिसका एक मुख्य कारण वार्डो में उत्पन्न समस्याएं है। कई दिनों से वार्डो में कचरा गाड़ी नहीं आ रही, साफ सफाई नहीं हो रही, सडक़ो पर कीचड़ व जल जमाव हो रहा है। समय पर पेयजल नागरिकों को नही मिल रहा हे। सड़के जर्जर अवस्था में है, जिससे बारीश में जगह-जगह पानी भरा रहा है। वार्ड में चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य है। स्ट्रीट लाइटें बंद है। उपरोक्त समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदारों को शिकायत की, लेकिन आज तक उनके कानों में जूँ तक नहीं रेंगी। इसलिए आज हमने भैंस के आगे बीन बजाकर अनोखा प्रदर्शन किया है, जिससे हमारी बात निगम महापौर व निगम प्रशासन तक पहुंचे। इस दौरान पार्षद दीपेश कानूनगो, प्यारे पठान, अनुपम टोप्पो, वसीम हुसैन, गोलू विजयवर्गीय, दुष्यंत पांचाल, रोहन वाघमारे, जितेंद्र मालवीय, रवि देवड़ा, लोकेश गोस्वामी, अभिषेक शर्मा, धर्मेंद्र चंदेल, बंटी बना, शैलेंद्र बना, सुमित चौहान, सचिन राजपूत, रुपेश पटेल, आयुष पटेल आदि साथी व रहवासी उपस्थित थे।

### न्यायाधीश बारपेटे बोले, मानव जीवन के लिए वृक्ष बहुत जरूरी है, वृक्षों से ही मानव जीवन है

# वन विभाग के सहयोग से न्यायाधीशों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा




लगातार पेड़ों की संख्या कम होने के कारण कई प्रकार की प्राकृतिक समस्याओं का सामना आम जनता को करना पड़ रहा है, जिसके कारण अब आम लोगों में पर्यावरण के प्रति लगाव देखा जा रहा है, जिसके चलते अनेकों संस्था व आमजन पौधरोपण अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति बागली एवं मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत संयुक्तरूप से बागली वन रेंज कि बीट बजरंगगढ कक्ष क्र 821 सालखेतीया में बुधवार को पौधारोपण किया गया। इस दौरान न्यायाधीश चन्द्रकिशोर बारपेटे, राकेश कुमार जाटव , रेंजर गजानंद बिरला की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। इस दौरान न्यायाधीशों द्वारा उक्त प्लांटेशन का निरीक्षण कर पौधरोपण के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही मौके पर उपस्थित गांव की महिलाओं को पेड़ों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए पेड़ों को काटने से रोकने की अपील की। न्यायाधीश बारपेटे ने कहा कि मानव जीवन के लिए वृक्ष बहुत जरूरी है, वृक्षों से ही मानव जीवन है,मानव, वनप्राणियो, प्रकृति सही सभी के लिए वृक्ष होना जरूरी है। जंगल का क्षेत्र फल कम होने का उदाहरण हमने इस बार गर्मी में देख चुके हैं। गर्मी 45 डिग्री से भी अधिक तक देखी गई, यदि इसी तरह पेड़ो कि कटाई हुई ओर जंगल का क्षेत्र फल कम हुआ तो आने वाले समय में क्या स्थिति उत्पन्न हो सकती इस का चिंतन करना होगा। उस में सुधार के लिए हम सब को पौधरोपण करना आवश्यक है। भारत में लगातार जनसंख्या बढ़ रही है, और पेड़ों की संख्या कम हो रही है, यदि जीवन को सुरक्षित रखना है और पर्यावरण को बचाए रखना है। इस दौरान नीम, सागवान सहित कई प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया, साथ ही फलदार पौधो का भी रोपण किया गया। रेंजर गजानंद बिरला ने बताया कि उनके द्वारा जंगल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा कर संबंधित गांव के लोगों का सहयोग लेकर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है, जिससे कि फिर से पेड़ों की संख्या अधिक हो और पर्यावरण का भी संतुलन बना रहे। सरकार की योजनाओं के अंतर्गत बागली रेंज के जंगल की खाली जगहों पर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान डिप्टी रेंजर शुभाष कौशल,वन रक्षक रामनिवास कलम, वनपाल मोहनलाल शर्मा, कमल सिंह खीची, सनी बहादुर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विद्यालय में किया गया सुंदरकांड का पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

नर्मदा ग्राम भारती शिक्षा समिति हाटपिपल्या द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में मंगलवार को बजरंग सेना की ओर से विद्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान राम के समीप दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का परिचय आचार्य नितिन यादव द्वारा करवाया गया। अतिथि में बजरंग सेना युवा मोर्चा संभाग अध्यक्ष मोहित जाट, तहसील उपाध्यक्ष गौतम पाटीदार, तहसील अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत रहे। उनके द्वारा छोटे भैया बहनों को पेन पेंसिल उपहार स्वरूप दिए गए । इस दौरान स्कूल के बच्चों को राष्ट्रहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर बातें बताई गई। स्कूल प्राचार्य विजय सोलिया सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से किसान की हुई मौत



**जावर।** आष्टा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथू में एक किसान की कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है मिली जानकारी के अनुसार रविवार को गांव कुण्डिया नाथू के सरपंच राजा ठाकुर ने बताया कि गांव के किसान कमल सिंह पिता हरि सिंह उम्र 45 साल खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे इसी दौरान करंट लग गया करंट लगने से कमल सिंह की मृत्यु हो गई।

### कलेक्टर ने कार्रवाई में तेजी लाने के दिए निर्देश

**सीहोर।** बैठक में कलेक्टर ने रेल, नेशनल हाईवे एवं सिंचाई परियोजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यवाही तेजी से की जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। बैठक में भू अर्जन के प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई कि रामगंज मण्डी रेल लाइन परियोजना के 09 ग्रामों के 342 किसानों को भू-अर्जन की मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। पार्वती परियोजना के 20 ग्रामों के भू-अर्जन के मामले के 1235 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार आष्टा जनपद के अंतर्गत कान्याखेड़ी परियोजना के 04 ग्रामों के 341 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार बुधनी इंदौर रेल लाईन के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया प्रचलन में है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन विभागों को शासकीय भूमि आवंटित की गई है उन विभागों के अधिकारी राजस्व रिकार्ड में विभाग के नाम से दर्ज कराएं।

### सेवानिवृत होने पर उप निरीक्षक को दी बधाई

**जावर।** पुलिस थाने से गिरजा मेवाड़ा उप निरीक्षक को सेवानिवृत होने पर पुलिस स्टाफ एवं नगर के नागरिकों ने विदाई समारोह में स्वागत किया और बधाई दी थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय, दिनेश भाहेती, मनोज जाट, लाखन सिंह, आत्माराम, अर्जुन सिंह ,महेंद्र सिंह, बीएल वर्मा ,बलराम, आकाश, पवन पटवा, राजू मखोड़ पुलिस स्टाफ ने हार फूलों से स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

पशुपालकों की गैर जिम्मेदारी और जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा

# गौशाला निर्माण में करोड़ों खर्च, इधर हाइवे पर पशु आए दिन बन रहे हादसों का कारण



## गौशाला की जगह मार्गों पर घूम रहे बेजुबान पशु, दुर्घटना में जा रही जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर से लगे इन्दौर-भोपाल हाईवे पर गत दिनो एक अज्ञात वाहन ने गाय को टक्कर मार दी जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई और गाय की मृत्यु हो गई। वही इस तरह की घटना इन्दौर-भोपाल हाईवे जावर जोड़ व नगर के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन हो रही है। शासन प्रशासन इस और ध्यान नही दे रहा है। क्षेत्र की सड़कों पर बारिश प्रारम्भ होते ही इन दिनों मवेशियों का जमघट लगना प्रारम्भ हो गया है। बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर दिन-रात भटकते व बैठे रहते हैं। इस कारण कई बार आवागमन अवरुद्घ हो जाता है। मवेशियों के कारण वाहन चालकों का मार्ग से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसको लेकर कई बार लोगों ने शिकायत की, किंतु जिम्मेदार इस पर जरा भी ध्यान देने को तैयार नहीं है। इसके चलते नागरिक परेशानी उठाने को मजबूर हैं।

### पशुपालकों पर हो कार्रवाई

क्षेत्र के पशुपालकों की गैर जिम्मेदारी व हठधर्मिता के कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालक गायों को भटकने के लिए खुला छोड़ देते हैं। इसके चलते बड़ी संख्या में गाय



नगर की गलियों व बाजारों में दिनभर घूमती रहती हैं। मार्ग के बीच में ही कहीं भी बैठ जाती हैं। इस कारण मार्ग बाधित हो जाता है। वाहन चालक हार्न बजाते रहते हैं, किंतु इन पशुओं पर इसका कोई असर नहीं होता है। कई बार ये पशु आपस में लड़ते भी हैं, जिसकी वजह से कई वाहनों को नुकसान हो जाता है। मार्ग से गुजरने वाले लोगों को घायल होने का डर रहता है। लेकिन पशु पालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से इस तरह के दृश्य आए दिन बनते रहते है।

### मवेशी भी हो रहे घायल

आए दिन हाईवे पर बैठी गाय किसी भी वाहन की चपेट में आकर जख्मी हो जाती है। वैसे तो देखा जाए तो यह गाय सड़क पर आकर ही आवारा मवेशियों की गिनती में आती है नहीं तो यह किसी न किसी का पालतू है। शासन द्वारा इनका रजिस्ट्रेशन हुआ है। गाय के कान में पीले कलर का कार्ड लगाया गया है। सड़क पर बैठी अधिकतर गायों के कानों में वह कार्ड लगे हुए हैं। इसके बावजूद भी आए दिन लोग गाय के झुंड में से ब्याने वाली गाय को लोग बांध लेते हैं और दूध ना देने पर दुध मुंहे बच्चे सहित गाय को सड़क पर भगा देते हैं। जिसके कारण गाय एकत्रित होकर सड़क मार्ग पर विश्राम के लिए बैठ जाती है और मार्ग से गुजरने वाले वाहन की चपेट में आकर कई गाय की तो मौके पर ही मौत हो जाती है।

### करोडों खर्च, गौशालाए खाली

वैसे देखा जाए तो शासन द्वारा भी कई गौशालाओं का निर्माण कराया गया। लाखों करोड़ों रुपये खर्च किए गए। इसके बावजूद गाय सड़क हाईवे पर दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है। इंदौर भोपाल नेशनल हाईवे मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में गायों का जमावड़ा देखा जा रहा है। जिसमें जोरा ढाबा, जावर जोड़ चौपाटी और कीमती फ्यूल्स के सामने जमावड़ा देखा जा रहा है।

### चारागाह पर अतिक्रमण

अभी भी हर गांव में बड़ी संख्या में गाय बैल भैंस, भेड़ बकरी पाले जाते हैं। मवेशियों की संख्या घटते ही चारागाह का अतिक्रमण कर मकान आदि बनाए जा रहे हैं जिसके कारण गांव के चरागाह लुप्त के कगार पर है और गांव के मवेशी बेसहारा होकर आश्रय के लिए भटकने लग जाते हैं। वह विचरण के लिए गांव की चरागाह की खूब की तलाश करते हैं परंतु जगह नहीं मिलने पर वे मजबूरन मुख्य सड़क पर ही विचरण करने लग जाते हैं। सड़क पर विचरण कर रहे इन मवेशियों के कारण आए दिन छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है पर इस ओर ना तो प्रशासन का और ना ही कोई संगठन का इस ओर ध्यान जा रहा है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं हुआ तो मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी रहेगा जिसने ना केवल पशुधन की क्षति होगी बल्कि राहगीरों का भी जान-माल नुकसान होगा।


**करा रहे अनाउंसमेंट**

नगरीय सीमा में घूमने वाले मवेशियों को लेकर अनाउंसमेंट किया जा रहा है। अगर इसके बाद भी पशु पालक अपने पशुओं को नहीं बांधते है तो उन्हे गौशाला भेजा जाएगा।

**हरीश कुमार सोनी,** सीएमओ जावर

# विकास कार्यों का विधायक गोपाल ने किया निरीक्षण

## लापरवाही बरतने पर लगाई फटकार



**आष्टा।** विधायक ने निरीक्षण कर अधिकारियों से की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का सतत निरीक्षण कर उन कार्यों को जल्दी से जल्दी पूर्ण करने एवं जनता को उन सुविधाओ सेवाओ का लाभ दिलाने के लिये दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे है। विधायक ने एसडीएम स्वाति उपाध्याय, तहसीलदार पंकज पवैया, सीएमओ राजेश सक्सेना, डीई अजय वाघवानी सहित अन्य स्थानीय अधिकारियों को साथ लेकर नगर के मुगली रोड पर निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। 38 करोड़ 63 लाख 82 हजार की लागत से बना रहे उक्त स्कूल का बारीकी से निरीक्षण किया।

### विधायक ने ठेकेदार को लगाई फटकार

मप्र सरकार के, मप्र बिल्डिंग डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा उक्त कार्य का जिस निर्माण एजेंसी ठेकेदार को उक्त भवन निर्माण का ठेका दिया गया। उसकी समय सीमा पूर्ण होने के बाद भी उक्त भवन का अभी तक मात्र 65 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण होने पर विधायक ने नाराजी व्यक्त की। एमपीबीडीसी के सहायक महाप्रबंधक एस एम सहाय आज अपने निगम के अधीनस्थ इंजीनियरों के साथ निरीक्षण के दौरान उपस्तिथ थे। निरीक्षण के दोराह जिस ठेकेदार को उक्त भवन निर्माण का ठेका प्राप्त हुआ उसके प्रोजेक्ट मैनेजर एम के राय ने अभी तक हुए निर्माण कार्यो,उसकी प्रगति आदि की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एमपीबीडीसी अधिकारियों ने बताया कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण कार्य जनवरी 2023 में शुरू हुआ था तथा 18 माह में उक्त प्रोजेक्ट का पूरा निर्माण कार्य पूर्ण होना था। कार्य की इस धीमी गति को लेकर विधायक ने नाराजी व्यक्त कर उपस्तिथ निगम के अधिकारियों को कहा है कि कार्य की गति तेज हो। ठेकेदार ने जो निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिये अतिरिक्त समय दिसम्बर 2024 लिया है। उस समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा हो इसकी सभी जिम्मेदार चिंता करे।

### दिए निर्देश गुणवत्ता पूण हो निर्माण कार्य

विधायक ने स्पष्ट कहा की निर्माण कार्य की गुणवत्ता को प्रथम पायदान पर रखे । जो भी निर्माण सामग्री उपयोग में ली जा रही है उन सभी का शासकीय लैब में टेस्ट हो गुणवत्ता युक्त सामग्री ही लगाई जाये। विधायक गोपालसिंह ने निरीक्षण के दौरान पूरे भवन का घूम कर निरीक्षण किया निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार से विस्तृत जानकारी ली एवं जो कमियां लगी उन सभी को एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विस्तृत रूप से संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार से इस स्कूल को लेकर जानकारियां प्राप्त की। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की क्षेत्र में जो भी निर्माण कार्य चल रहे है उनका ध्येय यही है कि वे सभी कार्य जल्दी से पूर्ण हो और उनका लाभ आम नागरिकों को मिले जिनके लिये उक्त कार्य, सुविधाएं हमारी सरकार उपलब्ध करा रही है।

### समाज सेवी तकत सिंह का निधन, दी श्रद्धांजलि



**जावर।** ग्राम बमुलिया रायमल में समाजसेवी तकत सिंह का निधन सुनेर सिंह, गजराज सिंह के पिताजी और महेन्द्र, शैलेन्द्र, कपिल के दादाजी तकत सिंह का 95 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास 2 जुलाई दिन मंगलवार को हो गया। स्वर्गीय तकत सिंह का गांव बमुलिया रायमल में स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधु बडी संख्या में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विनत और विश्वमित्र सागर का हुआ मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

आचार्य विनम्र सागर जी महाराज के परम प्रभाव शिष्य 108 श्री विनतसागर जी एवं विश्वमित्र सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश बड़े धूमधाम से हुआ तत्पश्चा अमोद कुमार जैन, हंसा जैन, अतुल कुमार जैन, सलोनी जैन, प्रणल जैन, कांता जैन के निज निवास पर आहारचार्य संपन्न हुई। आपके पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना आपकी श्रद्धा देव शास्त्र गुरु में इसी प्रकार बनी रहे। अनुमोदन करता प्रमोद कुमार जैन, शरद कुमार जैन ,संजय कुमार जैन, दीपक कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन ,सुरेंद्र कुमार जैन, सुनील कुमार जैन, सतीश कुमार जैन, अरुण कुमार जैन, नितिन कुमार जैन, नरेंद्र कुमार जैन, जिनेंद्र कुमार जैन, मुकेश कुमार जैन एवं सकल दिगंबर जैन समाज मेहतवाड़ा ने मिलकर महराज का स्वागत किया।



# वस्त्र व्यापारी संघ ने किया 80 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पर्यावरण संतुलन एवं कॉलोनी के मुख्य मार्ग के प्रवेश स्थल को सुसज्जित करने के उद्देश्य से वस्त्र व्यापारी संघ के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, पर्यावरण प्रेमी धीरज धारवां, वीरेन्द्र देशलहरा, तारा कटारिया, वरिष्ठ पत्रकारगण नरेन्द्र गंगवाल, सुशील संचेती अतिथि के रूप में मौजूद थे।

संघ अध्यक्ष धीरजसिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 के प्रवेश द्वार पर लगभग 600 फिट लंबाई की शासकीय जगह पर 80 पौधों का रोपण आज संघ के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया है। उक्त स्थल को सुंदर वाटिका के समान विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि जिस प्रकार जिने के लिए अन्न, जल की आवश्यकता है उसी प्रकार पेड़-पौधों का होना भी प्रत्येक व्यक्ति, जीव-जंतु के लिए महत्वपूर्ण है। आपको ज्ञात होगा कि विगत वर्षो में संपूर्ण विश्व में कोरोना जैसी महामारी ने दस्तक देकर जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। उस समय पूरा विश्व ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहा था, जिस प्रकार से शासन-प्रशासन व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पौधारोपण की पहल चलाई जा रही है, उसी प्रकार पहले हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नही करते तो कोरोना जैसी महामारी में आक्सीजन की मार से हम कोसो दूर रहते। वस्त्र व्यापारी संघ ने इतनी बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया, उसके लिए संघ के सभी सम्मानित सदस्यों को बधाई। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि आपके द्वारा विकसित की जा रही सुंदर वाटिका के संरक्षण के उद्देश्य से नपा द्वारा छोटी पाईप लाईन की पृथक से व्यवस्था की जाएगी।

इस अवसर पर वस्त्र व्यापारी संघ के संरक्षक रविन्द्र रांका, अनिल विश्वास, लाभमल महेश्वरी, प्रदीप वोहरा, आनंद रांका, नरेन्द्र उमंग, त्रिलोक वोहरा, बसंत सुराणा, संदीप श्रीमोड़, बाबूलाल ताम्रकार, मनोज भाटी, राजू उत्साह, नयन जैन, चंचू ताम्रकार, धर्मेन्द्र श्रीमोड़, मनोज पाठक, दीपक जैन, रजत श्रीमोड़, राहुल बनवट, मनोज नायक, यतेन्द्र श्रीमोड़, पुलकित श्रीमोड़, विकास जैन, श्याम परमार, भविष्य ताम्रकार, सुयश श्रीमोड़, विजेन्द्रसिंह ठाकुर आदि बडी संख्या में उपस्थित थे। उपस्थितजनों का आभार संघ अध्यक्ष धीरजसिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

अलीपुर के श्री चंद्र प्रभ दिगंबर जैन मंदिर में विनत सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# वाणी से व्यक्ति दूसरों को अपना बना सकता है: विनत सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वाणी के माध्यम से व्यक्ति दूसरों को अपना बना सकता है और अपनों से दूर भी कर देता है। सभ्यता से बोलना हमारी संस्कृति है। भगवान महावीर स्वामी की दिव्य देशना सुनने के लिए बैठे हैं। जो संतों-अरिहंतों की चार बातों को सुनते हैं, उन्हें बाहर की चार बातों को सुनना नहीं पढ़ती है। भगवान की चार बातों को सुनना और समझना चाहिए। जो भी सज्जन है वह चार बातों पर अमल करें। सहनशीलता, धैर्यवान रहना, हमेशा सभ्यता से, चलना हमेशा संभल कर। पत्थर को तराशने में शिल्पी भी चोटों को सहन करता है और भगवान की प्रतिमा बनाता है। संघर्ष तो करना ही पड़ेगा। गलत काम पर मंत्री का पुतला चौराहे पर फूंक देते हैं। धन के कारण आप सभी ग्राहकों की सुनते हैं। संतों का कहना है समय पर कहना और समझ के कहना।

उक्त बातें नगर के अरिहंत पुरम अलीपुर के श्री चंद्र प्रभ दिगंबर जैन मंदिर में आशीष वचन देते हुए परम पूज्य आचार्य श्री 108 विनम्र सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिराज मुनि श्री 108 विनत सागर जी महाराज ने कहीं। मुनिश्री के प्रवचन की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि मुनि



विनत सागर महाराज ने कहा कि वाणी के माध्यम से अपना भी बना सकते हैं और दूर भी कर सकते हैं। सभ्यता से बोलना हमारी संस्कृति है। जैसा आया वैसा बोल दिया वह विकृति है। जितने भी झगड़े होते हैं ,वह वाणी से ही होते हैं। युधिष्ठिर बहुत ही समझदार थे, भीम ताकतवर थे। अर्जुन में विनम्रता थी, नकूल तो मौनी बाबा थे, सहदेव तो अपने नाम के अनुरूप थे। कुल की इज्जत वाले पैसे नहीं देखते। एकता में बहुत शक्ति हैं।

मुनि विनती सागर महाराज ने कहा अर्जुन ने वाणों का काम वाणी से कर दिया। अच्छी वाणी, मिठास वाली रहेगी तो दुश्मन भी मित्र बन जाएगा। समझदारी से व कम बोलने वाले सम्माननीय रहते हैं। वकील अपने क्लाइंट से शांत रहने का बोलते हैं। संसार से सबसे सुखी वकील हैं। जीत गए तो वाह - वाह, हार गए तो अपील। वे झूठ को भी सच साबित कर देते हैं। में वकीलों का हमेशा ध्यान रखता हूं। सभी से मुनिश्री ने कहा रहना हमेशा सभ्यता व प्रेम से। मिलकर साथ रहें, परेशानियों को सहना सीखें।संघ, संगठन में रहने से बहुत लाभ हैं। आज घर -घर व समाज में झगड़े। घर में रहकर घरवालों से विश्वासघात मत करना। आज तिजोरी खुली है, लेकिन मोबाइल पर लाक लगा है।संत सबसे सुखी है, उनके पास कुछ भी नहीं फिर भी सुखी और आपके पास सबकुछ फिर भी दुखी।जो भगवान को धोखा देते हैं वह सुखी नहीं। दूध -पानी की तरह मिलकर विश्वास के साथ रहे। पानी दूध से अलग होगा तो उसकी कीमत कम रहती है।

संतों के साथ कभी भी विश्वासघात नहीं करें।संत आपके विश्वास पर आहार करते हैं। आज देश को पाकिस्तान से खतरा कम अपने देश में रहने वालों से अधिक है। मुनि विनत सागर महाराज ने कहा हमेशा संभल कर चलें। जिंदगी चार दिन की है। दान चार प्रकार का होता है और चार बातों पर ध्यान देना। हमें भी चार माह चातुर्मास करने हेतु रहना है। आष्टा का समाज समर्पित व गुरु भक्त है। अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन अमलाह वाले आंखों में ही बात कर हमारी बात को समझ लेते हैं। गुरु का ह्रदय विशाल होता है। इस अवसर पर मुनिश्री 108 विश्वमित्र सागर जी महाराज भी उपस्थित थे। खंडवा से पधारे समाज जनों ने पूज्य मुनि द्वय को खंडवा में चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में दीक्षारंभ समोराह के द्वितीय दिवस शैक्षणिक विभागों व पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संयोजक डॉ. बेला सुराणा, डॉ. मेघा जैन ने विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों की जानकारी दी। पुस्तकालय में नफीस अहमद द्वारा पुस्तकालय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कम्प्यूटर लैब में डॉ. अबेका खरे द्वारा कम्प्यूटर से संबंधित जानकारी दी, डॉ. कृपाल विश्वकर्मा ने प्राणीशास्त्र प्रयोगशाला व एनसीसी से संबंधित जानकारी दी। डॉ. कुमकुम अग्रवाल व जयपाल विश्वकर्मा द्वारा प्रयोगशाला में विभिन्न उपकरणों से अवगत कराया गया। डॉ. रचना श्रीवास्तव द्वार रसायनशास्त्र प्रयोगशाला से संबधित विभिन्न जानकारी विद्यार्थियों को दी। इस दौरान बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सीएमएचओ ने दिए मूलपदस्थापना पर जाने के आदेश, सिविल सर्जन ने साधा मौन! नोटिस जारी

**16 साल के डॉ कठेरिया व अन्य के अटैचमेंट को खत्म कर मूलपदस्थापना पर जाने के हुए थे आदेश परंतु सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह ने नहीं किया कार्यमुक्त**

**निकले 10 दिन, अपने राजनैतिक रसूक एवं अधिकारिक ताकत दिखाकर डॉ कठेरिया नहीं देना चाहते ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में मूलपदस्थापना वाले डॉ राजेन्द्र कठेरिया का जिला मुख्यालय से मोह भंग नहीं हो पा रहा है। यदि डॉक्टर का काम सिर्फ मरीजों का इलाज करना है तो फिर स्थान मायने नहीं रखता। परंतु हैरत की बात यह है कि सिर्फ वे ही नहीं जिला चिकित्सालय के सोमवार तक सिविल सर्जन रहे डॉ रूपसिंह भी ऐसा ही चाहते है। यह इस बात से प्रमाणित हो जाता है कि 22 जून को सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा द्वारा जारी एक आदेश में डॉ कठेरिया और स्वाति किरार का अटैंचमेंट खत्म कर उन्हें तत्काल दिनांक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर एवं मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाना था परन्तु आज तक सिविल सर्जन ने रिलीव होने के आदेश जारी नहीं किए। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को परेशानियां भुगतना पड़ रही है।

## तत्कालीन प्रभारी सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह को कारण बताओ नोटिस जारी

सोमवार तक प्रभारी सिविल सर्जन के पद पर रहे डॉ रूपसिंह को सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने एक पत्र जारी करते हुए पूछा है कि क्यों डॉ कठेरिया को अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया। आपका यह कृत्य वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवहेलना के श्रेणी में आता है । क्यों न आपके विरूद्ध जांच अधिरोपित की जावे। 3 दिनों में अपना प्रतिउत्तर कार्यालय को प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही के लिए वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जाएगा।


जनप्रतिनिधि बोले अब तो जिला मुख्यालय का मोह छोड़ ग्रामीणों को भी देना चाहिए स्वास्थ्य सेवाएं

'अभयदान' की तलाश में डॉ कठेरिया! 5 दिन निकले नहीं पहुंचे मूलपदस्थापना पर

सीएमएचओ बोलीं 7 दिन का दिया है समय, अटैचमेंट में होते हुए सरकारी आवास भी बताया नियम विरुद्ध

16 साल बाद डॉ कठेरिया का अटैचमेंट खत्म मूल पदस्थापना पर कार्य करने के आदेश जारी

50 से ज्यादा स्वास्थ्य अमले को है क्वार्टर की सख्त आवश्यकता

बोले राजगढ़ विधायक - खुजनेर में है इनकी जरूरत


सांसद प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य बोले डॉक्टर ग्रामीणों क्षेत्रों में भी दें सेवाएं

**इनका कहना है**

मैंने आज ही चार्ज लिया है। अभी इस प्रकरण के बारे में मुझे पता नहीं है। मैं दिखवा लेता हूं।

**डॉ रजनीश शर्मा,**
सिविल सर्जन जिला अस्पताल राजगढ़

## गया सिविल सर्जन का प्रभार, नया चार्ज डॉ रजनीश को


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/शिकायत/2024/6598 राजगढ़, दिनांक 01/07/2024

प्रति,
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय राजगढ़

विषयः– डॉ.राजेन्द्र कटारिया मेडिकल ऑफिसर को कार्यमुक्त करने के संबंध में।
संदर्भः– हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिनांक 28.06.2024 के संबध में।

उपरोक्त विषय में लेख है कि दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिनांक 28.06.2024 द्वारा यह ज्ञात हुआ है कि आपके जिला चिकित्सालय में संलग्न डॉ. राजेन्द्र कटारिया को कार्यमुक्त आदेश जारी करने के उपरांत भी आपके द्वारा संबंधित चिकित्सक को सामु.स्वा.केन्द्र खुजनेर के लिए कार्यमुक्त नही किया गया है।
वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवहेलना किये जाने के संबंध में क्यो ना आपके विरूद्ध जाँच अधिरोपित की जावे। 03 दिवस में अपना प्रतिउत्तर कार्यालय को प्रस्तुत करे। अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही वरिष्ठ कार्यालय को अवगत करावे।

(डॉ.किरण वाडीवा)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

पृ.क्रमांक/शिकायत/2024/6599 राजगढ़, दिनांक 01/07/2024
प्रतिलिपि –
1. कलेक्टर महोदय जिला राजगढ़ कि ओर सूचनार्थ।
2. उप संचालक अस्पताल प्रशासन संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल।
3. संभागीय संयुक्त संचालक भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

*जिले भर की स्वास्थ्य सेवाओं को नजर अंदाज करने वाले सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह परिहार ने किन कारणों से डॉ राजेन्द्र कठेरिया को रिलीव नहीं किया यह तो जांच का विषय है। परंतु एक बात स्पष्ट है कि जिला अस्पताल में डॉ भी एक गेंग के तौर पर काम कर रहे है उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को होने वाली परेशानी से कोई सरोकार नहीं जिसके चलते 22 जून से 1 जुलाई तक भी सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह ने डॉ कठेरिया को कार्यमुक्त नहीं किया जबकि सीएमएचओ ने अपने आदेश में तुरंत मूल पदस्थापना पर जाने की बात कही थी। डॉ रूपसिंह को सिविल सर्जन के प्रभार से मुक्त करते हुए मंगलवार को सिविल सर्जन का चार्ज डॉ रजनीश शर्मा को सौंपा गया है।*

## राजगढ़ विधायक व जिला पंचायत सदस्य भी जता चुके हैं नाराजगी

*राजगढ विधायक अमर सिंह ने डॉ कठेरिया के अटैचमेंट को खत्म होने एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में अपनी सेवाएं नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की है वहीं जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि रघुवीर सिंह पंवार ,बब्लू पटेल ने भी अभी तक रिलीव नहीं होने पर सिविल सर्जन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े किए हैं।*

---

**बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई**

# जनपद में महिला बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

जनपद पंचायत परिसर के सभागृह में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की बैठक सभापति देवी सिंह गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसमें आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को अक्षर ज्ञान, अनिवार्य टीकाकरण, गुणवत्तापूर्ण पोषण, स्वास्थ जांच, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी 2.0 सहित शासन की कई महत्वपूर्ण योजनाएं जो बच्चों व महिलाओं से संबंधित हैं के बारे में चर्चा की गई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के बारे में मंथन किया गया। साथ ही जिन पर्यवेक्षकों को सेक्टर में पदस्थ रहते हुए अधिक समय हो गया उन्हें परिवर्तित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सरिता भोजराज पवार जनपद अध्यक्ष, दीपिका रामचंद्र शर्मा अध्यक्ष सहकारिता एवं समिति, सदस्य पुष्पा विष्णु पाटीदार, हेमलता देवराज मालवीय, ताहिर खा, कांता प्रसाद परमार, परियोजना अधिकारी ललित कुमार राठौड़ तथा स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# बोर्ड परीक्षा में उच्च परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों व मीडिया का सम्मान किया



**कालापीपल।** बुधवार को सेंट टेरसा कॉन्वेंट हाई सेकंडरी स्कूल संस्था द्वारा स्कूल में बोर्ड परीक्षा में उच्च परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ कालापीपल मीडिया द्वारा जो उच्च कोटि का कार्य किया जा रहा है उसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालापीपाल के पुष्पेंद्र बीआरसी जसवंत सिंह बेस व विशेष अतिथि शुजालपुर बीआरसी सुरेंद्र गोखले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथिगण व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि के साथ पालकगण का स्वागत किया गया। स्कूल मैनेजर सिस्टर पुष्पा मन्नूर ने अतिथियों का सत्कार किया और कार्यक्रम में सभी मीडिया प्रभारी को शॉल श्रीफल तथा पुष्प माला से सम्मानित किया। इसी बेला को आगे बढ़ते हुए संस्था के दसवीं, बारहवीं में उच्च परिणाम लाने वाले एवं नीट परीक्षा में चयनित होने वाले संस्था के छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकगण को शील्ड व पुष्प माला के साथ सम्मानित किया।

## चौरसिया को पेंशनर संघ राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया



**जीरापुर।** मध्य प्रदेश पेंशनर संघ राजगढ़ जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार नागर ने संघ के आजीवन सदस्य सेवा निवृत लेखापाल रमेश चंद चौरसिया को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पेंशनर संघ शाखा अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि संगठन के कार्य को गति देने एवं सक्रियता प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से चौरसिया को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर शाखा के मोहन सिंह जमींदार, क्रिस्टोफर एक्का, जगदीश गुप्ता, मोहनलाल हिर्डोनिया, अशरफ खान, रमेशचंद्र शर्मा, केएल जायसवाल, शमशेर खान, सुरेश भावसार, रामरतन कुशवाह, मोहनलाल स्वर्णकार सहित अन्य सदस्यों ने चौरसिया को बधाई प्रेषित की।

# सिविल अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था

## सीएमएचओ ने महिला चिकित्सक को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




सिविल अस्पताल सारंगपुर शायद खुद बीमार हालत में है। यही कारण है कि डॉक्टर भी अब अपनी मनमानी के अनुरूप ही सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सालय में मामूली फेक्चर के मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। दंत चिकित्सकों को अन्य बीमारियों का इलाज करते देखा जा सकता है। वहीं मेडिकल कराने आने वाले लोगों को 4 घंटे ड्यूटी डॉक्टर का इंतजार करना पड़ता है। ये सब नजारा सारंगपुर चिकत्सालय में आसानी देखा जा सकता है। ऐसी शिकायत एसडीएम संजय उपाध्याय से लेकर कलेक्टर हर्ष दीक्षित तक पहुंची। हालांकि कलेक्टर के संज्ञान में मामला जाने से रात 12 बजे सीबीएमओ सहित ड्यूटी डॉक्टर गोपाल परमार, महिला चिकत्सक तस्लीम मंसूरी भी पहुंची।

मंगलवार रात में लीमाचौहान थाना प्रभारी और महिला कॉन्स्टेबल नाबालिग को परिजनों के साथ सारंगपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां महिला चिकित्सक तस्लीम मंसूरी मेडिकल के लिए तैयार तो हुई लेकिन कुछ ही देर में अपने स्वभाव के अनुरूप हठधर्मिता दिखाते हुए स्लॉट फेंक कर घर चली गई और पीढ़ति किशोरी व परिजनों सहित मौजूदा पुलिसकर्मियों को सुबह आने को कहा। चिकित्सक के इस रवेये को देख सफाईकर्मी ने अस्पताल का गेट बंद कर दिया। परिजनों द्वारा इस बात की जानकारी सीबीएमओ डी बड़ोदिया को भी दी गई लेकिन मेडिकल नहीं हुआ। इस दौरान रात 12:30 बजे तक नाबालिग पीड़िता अपने परिजन के साथ अस्पताल गेट पर खड़ी रही। पुलिस को तीन घंटे से अस्पताल के गेट पर खड़े रहने की सूचना कलेक्टर को मिलने के बाद उन्होंने सीएचएमओ किरण वाडिया से बात की। तब कहीं जाकर सीबीएमओ धनवीर बड़ोदिया ने महिला चिकित्सक को मनाया और रात 1 बजे मेडिकल हुआ। सूत्रों की माने तो महिला चिकित्सक के इस रवैये पर उच्चाधिकारियों ने फटकार भी लगाई है।

---

# नीट व नर्सिंग कॉलेज घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा


**विदिशा।** नर्सिंग कॉलेज और नीट परीक्षा घोटाले के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने नीट परीक्षा और नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद चौराहे पर पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस ने पुतला छीनने की काफी कोशिश की। लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुतला नहीं ले जाने दिया।

इसके बाद कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मप्र में नर्सिंग कॉलेज के घोटाले को बड़ा घोटाला बताते हुए पूर्व मंत्री और अन्य अधिकारी जो इस घोटाले में लिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की आव्हान पर मंत्री विश्वास सारंग का पुतला दहन किया गया।

# विस्फोटक से जानलेवा हमला करने वाले अपराधी के खुलासा न करने पर किया धरना प्रदर्शन

## इंका नेताओं ने पुलिस से हमलावर को गिरफ्तार करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

विगत चार महा पूर्व पंडित सुरेश शर्मा प्रधानी कुंडल वालों के ऊपर विस्फोटक के माध्यम से जानलेवा हमला करने वाले अपराधी का पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का खुलासा न करने को लेकर ब्राह्मण समाज व कांग्रेस पार्टी द्वारा स्थानीय थाने के सामने धरना प्रदर्शन मंगलवार को आयोजित किया गया। क्षेत्र के पूर्व विधायक रामचंद्र डांगी ने स्थली पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाये। दांगी ने पुलिस पर क्रिकेट आईपीएल का सट्टा चालवाने व आरोपियों को पकड़ कर पैसा लेकर छोड़ने का आरोप भी लगाया। इंका नेताओं ने पुलिस से अभिलंब सुरेश शर्मा के हमलावर को गिरफ्तार करने की मांग की।

धरना लगभग 4 घंटे चला उसके उपरांत एसडीओपी नेहा गौर ने धरना स्थल पर पहुंचकर चर्चा कर नेता एवं ब्राह्मणों को आस्वस्थ किया विभाग के साथ मिलकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इंका नेताओं ने भी खुलासा करने की मांग करते हुए बड़ा आंदोलन खड़ा करने को कहा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह सोंधिया पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव सुठालिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी श्याम पालीवाल प्रदीप सिंह परमार सरपंच धीरप सोंधिया सजन सिंह सोंधिया मांगीलाल सोंधिया हां जी अब्दुल गफ्फार खान कैलाश कुशवाहा सहित ब्यावरा सुठालिया व ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अशोक शर्मा अभिषेक शर्मा हेमंत पालीवाल सहित बड़ी संख्या नवयुवक समाज जनों ने धरना स्थल पर उपस्थिति थे।

**कंडेली निवासी मृतिका के पिता ने लगाए आरोप**

# मेरी बेटी ने आत्महत्या नहीं की, उसे ससुराल वालों ने मारा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों छापीहेड़ा थानाक्षेत्रान्तर्गत कंडेली ग्राम निवासी इकलेश पत्नी पारस सिंह सौंधिया का शव कुएं में उतराता मिला था। बाद में पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाते हुए पोस्टमार्टम उपरान्त मर्ग कायम कर जांच में लिया। पुलिस ने प्रारंभिक रूप से इसे आत्महत्या माना है।

इधर, मृतिका इकलेश के पिता बीरम सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की बल्कि ससुराल वालों ने हत्या करके शव को कुएं में फेंका है। पिता बीरमसिंह ने मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन सौंपते हुए बीरमसिंह सहित ससुराल वालों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। बीरम सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मायके पक्ष की अनुपस्थिति में उनकी बेटी का पोस्टमार्टम भी करवा दिया। इस बात की रिपोर्ट जब उन्होंने छापीहेड़ा थाने में करना चाही तो वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके साथ ही पुलिस ने कोई एफआईआर, मेडिकल रिपोर्ट भी उन्हें नहीं दी है। बीरमसिंह ने मांग की है कि मामले की जांच करते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या की एफआईआर दर्ज की जाए।

---

**प्रोग्रेसिव परिवार ने की सकारात्मक पहल**

# मन में ठाना और समझाया सड़क सुरक्षा का महत्व

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को स्कूल प्रबंधन ने दिखाया सुरक्षा का रास्ता



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव परिवार ने एक सकारात्मक पहल करते हुए विद्यालय परिसर मे समस्त दो पहिया वाहन चालको के लिए बिना हेलमेट प्रवेश पर रोक लगा दी है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि ये कदम सड़क सुरक्षा के महत्व को समझते हुए उठाया गया है, जिससे सड़क पर होने वाली दो पहिया दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके स सनद रहे कि दो पहिया वाहन दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौत सिर्फ सर में चोट लगने से होती है। किसी भी अच्छे कार्य के लिए किसी को तो आगे आना ही पड़ता है। इसी सोच के साथ प्रोग्रेसिव के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हेलमेट पहनने का संकल्प लिया है। विद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को हेलमेट पहनने का महत्व समझाया व उनसे भी हेलमेट पहनने की गुजारिश की।

**अपनी मनमर्जी से ऑफिस कब आते हैं कब जाते हैं किसी को पता नहीं होता**

# जनपद एपीओ व एई आए दिन नदारत, कागजों में काम दिखाते हैं, जियो टेक व सत्यापन में चल रहा खुला खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा ग्रामीण विकास के लिए अनेक प्रकार की योजना लागू की गई हैं। इसी के तहत केंद्र सरकार की ओर से महात्मा गांधी रोजगार ग्रारंटी योजना के तहत भी ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार के कार्य स्वीकृत कर ग्रामीण विकास अधोसरचना के साथ मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीण स्तर पर पंचायतो के माध्यम से सभी प्रकार कि योजना धरातल पर लागू करने के लिए पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित सब इंजीनियर जनपद के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के साथ ही विकास कार्य का सत्यापन कराने के लिए एई की व्यवस्था लागू की गई है। किंतु सारंगपुर जनपद में जनपद पंचायत के मुख्यकार्य पालन अधिकारी को छोड़कर समस्त अमला लूट करने में जुटा हुआ है।




इतना ही नही पंचायत के इन अधिकारियों कर्मचारियों को किसी का भी कोई डर नहीं है अपनी मनमर्जी से ऑफिस आते हैं कब आते हैं कब जाते हैं किसी को कोई पता नहीं होता हैं। इतना ही नही इन अधिकारी कर्मचारियों को बैठने के लिए स्थान निहित हैं। लेकिन कभी वे वह नही मिलते हैं। इसने जब भी संपर्क किया जाता है तो हमेशा की तरह इनका एक ही जवाब रहता है की हम फील्ड में हैं या दूसरी जगह के प्रभार में है। ऐसा ही सारंगपुर जनपद में चल रहा है। ऐसा इस लिए लिखा जा रहा है कि मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के पास खिलचीपुर और सारंगपुर का प्रभार है। खिलचीपुर वाले से सारंगपुर का बोलते और सारंगपुर वाले से खिलचीपुर का बोलते हैं और जो सरपंच इनकी मांग मनोबल पूरी करता है उनके जियो टेक मोबाइल से सीधे कर देते हैं जबकि नियम यह हैं की किसी भी कार्य की फाइल देखे बिना कोई जियो टेक नही होता है। नियमनुसार समस्त कामों की फाइल पंचायत से लेकर जनपद कार्यालय तक तैयार होना चाहिए। फाइल में किसी भी प्रकार की कमी पूर्ति कराने के लिए ही अधिकारी बनाए गए हैं। लेकिन अचंभित करने वाली बात यह हैं कि सारंगपुर में बिना फाइल देखे ही अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी कैसे जियो टेक कर रहे हैं। यही हाल जनपद एसडीओ के हैं वे कभी कभार जनपद में दिखते तो है लेकिन बैठते कहा है किसी को नही मालूम फिर पंचायत द्वारा कराए गए कार्य का सत्यापन कैसे करते हैं यह तो पंचायत सचिव सरपंच उपयंत्री एसडीओ ही अच्छी तरह बता सकते हैं। इनकी मिली भगत के कारण सरकारी धन का दुरपयोग भी हो रहा है। किसी भी पंचायत में जाकर देखा जाए तो पंचायत द्वारा कराए गए कार्य की गुणवत्ता मानक स्तर पर ठीक नही है फिर भी उपयंत्री ले देकर मूल्यांकन चढ़ा देते हैं और एसडीओ सत्यापन कर रहे हैं।

**इनका कहना है...**

कार्यक्रम अधिकारी को दो जगह का प्रभार कैसे है। मैने दोनों जनपद सीईओ से चर्चा की है। जल्द ही व्यवस्था सुधारी जाएगी।।

**महिप किशोर तेजस्वी,**
जिला पंचायत सीईओ राजगढ़